ग्रामीण युवाओं को एक दिवसीय सूकर पालन विषय पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन

पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर के तत्वाधान में दिनांक 16 दिसंबर 2024 को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, डॉ. आर.के. शर्मा के निर्देशन एवं परियोजना अन्वेषक डॉ. विश्वजीत रॉय के अगुवाई में भा.कृ.अनु.प. – अखिल भारतीय समन्वित सूकर शोध परियोजना के वित्तीय सहयोग से ग्राम मेहरा सिवनी, तहसील – निवास, जिला–मंडला के अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 28 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विश्वजीत रॉय ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत सूकर पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी एवं प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से सूकर पालन करने के लिए प्रेरित किया और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। कार्यक्रम में डॉ. मोहन ठाकुर ने सूकर की व्यवस्था एवं बारीकियों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सूकर पालन से जुड़े सभी विषयों पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अनिल शिंदे एवं डॉ. कुश श्रीवास्तव द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अंत में प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क खनिज लवण मिश्रण (मिनरल मिक्सचर) का वितरण किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर